दैनिक न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, शनिवार 24 दिसंबर 2022
www.nyaysakshi.com


# छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी बना लाभ का व्यवसाय : मुख्यमंत्री

- भेंट-मुलाकात: मुख्यमंत्री पहुंचे विधानसभा क्षेत्र कसडोल के ग्राम लाहोद
- लवन नगर पंचायत में खेल परिसर निर्माण, कसडोल के बलार बांध का नामकरण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार-भाटापार जिले के विधानसभा कसडोल के ग्राम लाहोद पहुंचे। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने यहां पर ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जाना और अधिकारियों के इनके निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम लाहोद में 52 करोड़ 41 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 39 करोड़ 31 लाख रुपए लागत के 21 कार्यों का लोकार्पण और 13 करोड़ रुपए से अधिक के 25 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिवद्वय सु शकुंतला साहू एवं चंद्रदेव राय, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आम नागरिक की सहूलियत के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इनमें लाहोद में विद्युत वितरण केन्द्र एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की घोषणा, लवन नगर पंचायत में खेल परिसर का निर्माण, कसडोल के बलार बांध का नामकरण पूर्व मंत्री कन्हैया लाल शर्मा के नाम पर करने की घोषणा की। इसी प्रकार उन्होंने पुटपुरा-घिरघोला- दौनाझर मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. (पुल-पुलिया सहित) का निर्माण, चिरचिदा से कसियारा मार्ग लंबाई 2.55 किमी का मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत निर्माण कार्य, खटियापाटी में मल्लिन नाला पर पुल निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला हरदी का पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन कार्य, शासकीय हाई स्कूल ग्राम खर्री एवं देवरीकला में भवन निर्माण, लवन व लाहोद में अधोसंरचना विकास हेतु 40-40 लाख स्वीकृत किए जाने की घोषणा, कसडोल शहर की फोरलेन सडक़ पर डिवाइडर निर्माण और विद्युतीकरण, डमरू उदवहन सिंचाई योजना की घोषणा की।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना गौपालकों के लिए आय का जरिया बनी है। लोग अब पशुपालन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को चार किश्त में राशि का भुगतान किया जा रहा है। जिससे किसानो की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में किसानों की संख्या में वृद्धि होने के साथ साथ कृषि रकबा में भी बढ़ोत्तरी हुआ है। कृषि अब लाभ का व्यवसाय हो गया है। किसानों के आय में वृद्धि हुई है। गांवों में गौठान निर्माण किया गया है, जो आजीविका केंद्र के रूप मे विकसित हो रहे हैं।

ग्रामीणों से लिया फिडबैक

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में छात्र भेसराम पटेल और अन्य छात्रों ने पैजनी के स्कूल से स्थानांतरित शिक्षिका ममता राठौर के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्रवाई हेतु कलेक्टर को निर्देशित किया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा 7 वीं के छात्र कृष वर्मा ने बताया कि नि:शुल्क अंग्रेजी शिक्षा से हम गरीब छात्रों को भी अच्छी एजुकेशन मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि उसने 3 डी प्रिंटर भी डिजाइन किया है। इसी तरह कक्षा 7वीं की छात्रा भूमि वर्मा ने अंग्रेजी में अपना परिचय बताते हुए कहा कि बेहतर पढ़ाई के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन स्कूल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महतारी दुलार योजना के तहत उन्हें 5 हजार रुपए प्रति वर्ष मिलता है। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की लाभान्वित ग्राम जुड़ा की रेणु ने बताया की इस योजना से मेरे स्वास्थ्य में पूर्ण रूप से सुधार हुआ है। गांव की अन्य महिलाएं भी इसका लाभ ले रही हैं, बच्चों को भी इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने द्वारा नमक, शक्कर, चांवल, गैस सिलेंडर और मिट्टी तेल के बारे में पूछने पर खम्हरिया निवासी लिलेश्वरी डहरिया ने बताया कि उन्हें राशन, नमक, शक्कर नियमति रूप से मिल रहा है। लवण के मृत्युजंय पांडे ने बताया कि उन्हें धान की सभी किस्त की राशि मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत अब तक वे एक लाख रूपए का गोबर बेच चुके हैं। सारखोर की जावा बाई ने बताया कि वह गोबर बेचने के साथ ही साथ दूध भी बेचकर लाभ कमा रही हैं। पलारी के किसान प्रेमलाल वर्मा ने बताया कि उसे मुर्गी पालन में कोरोना के समय बहुत नुकसान हुआ। एक एकड़ की जमीन है, अभी बहुत दिक्कत हो रही है। जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने क्लेक्टर को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भाई को बचाने पहुंचा युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** राजेन्द्र नगर हनुमान मंदिर के पास अज्ञात तीन लडक़ों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आकृतिविहार अमलीडीह निवासी प्रार्थी सोनू कांदड़ा 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि राजेन्द्र नगर हनुमान मंदिर के पास अज्ञात तीन युवकों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट कर रहे थे। तभी प्रार्थी का भाई मनीष कांदड़ा बीच बचाव करने आया तो आरोपियों ने उससे भी मारपीट कर मनीष पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 25,27 आम्र्स एक्ट, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### धक्का लगने पर युवक को पीटा

**रायपुर (आरएनएस)।** डगनिया तालाब के पास मामूली बात पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार लाखेनगर ईदगाहभाठा निवासी प्रार्थी मोहम्मद सोहेब खोखर 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह डगनिया तालाब के पास चाय दुकान गया था। तभी धक्का लगने की बात पर आरोपी रजत बिसेन व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर डंडा से मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम मुरा में मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया अहिल्या सोनवानी 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके घर का मवेशी आरोपी मुन्ना कोसले के यहां घुस गया था। जिससे आरोपी मुन्ना व अन्य ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी रूप सुदन कोसले 60 वर्ष ने थाना में शिकायत कि आरोपी के घर का मवेशी की बात को लेकर आरोपी हेमंत सोनवानी व अन्य 2 लोगों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम जौंदा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रेमलाल साहू 28 वर्ष ग्राम अकोली का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केपी 8939 में प्रभा साहू को बिठाकर कहीं जा रहा था। तभी ग्राम जौंदा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे प्रेमलाल साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रभा साहू को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चार सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3450 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गांधी नगर कालीबाड़ी के पास सट्टा खिलाते आरोपी राकेश कन्नौजे 40 वर्ष और मुकेश सागर 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1550 रुपए जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने ग्राम बोरियाकला में दबिश देकर सट्टा खिलाते आरोपी रामप्रसाद बारले 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# पौलमी घाटी में गिरी अनियंत्रित कार, 4 लोगों की मौत

- इलाहाबाद से अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थे लोग

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पौलमी के आगे आकरपानी घाटी में सडक़ हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है बताया जा रहे हैं इको वाहन में सवार यह सभी अस्थि विसर्जन के लिए इलाहाबाद गए हुए थे और वहां से यह लौट रहे थे कि कबीरधाम जिले के पोल्मी के आगे आगरपानी घाटी में यह हादसा हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर 50 फीट नीचे खाई में जा गिरी बताया जा रहा है कि इस हादसे में 3 महिला और एक पुरुष की मौत हो गई है वहीं चार पुरुष घायल हो गए हैं यह सभी बेमेतरा और कुछ रायपुर के रहने वाले हैं फिलहाल कबीरधाम जिले के कुकदुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।



घटना पोलमी आगरपानी घाटी में घटी है। हादसे में 4 व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम फागू यादव पिता कार्तिक उम्र करीब 60 वर्ष साकिन थाना बेमेतरा, सती बाई पति चोवा राम यादव उम्र करीब 35 वर्ष करीब साकीन दामाखेड़ा थाना सिमगा, कौशल्या पति स्वर्गीय भादूराम उम्र 70 वर्ष करीब साकीन कुसमी थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा, मालती पति राधे 45 वर्ष करीब साकीन भनपुरी रायपुर है। 4 व्यक्ति घायल है। जानकारी के मुताबिक मारुति इको कार पोलमि घाटी में 50 फिट नीचे गिर गई, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ।

### मुख्यमंत्री ने सडक़ दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु पर गहरा दु:ख प्रकट किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कवर्धा जिले के पोलमी गांव के पास कार के खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु की घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को इस दुर्घटना में घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# पति ने पत्नी को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट, फिर थाने जाकर किया सरेंडर

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर के मस्तूरी थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। बताया जाता है कि पति शराब के नशे में धुत्त था। पत्नी की पिटाई के बाद उसकी मौत होने पर आरोपी पति खुद ही थाने पहुँचा और सरेंडर कर दिया। मस्तूरी पुलिस आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना क्षेत्र के लिमतरा निवासी शंकर सूर्यवंशी (45) पिता बलदाऊ सूर्यवंशी कल रात शराब के नशे में घर पहुँचा था। इस बीच उसका किसी बात को लेकर पत्नी चंद्रिका बाई(35) से विवाद हो गया। विवाद बढऩे पर शंकर सूर्यवंशी ने अपनी पत्नी चंद्रिका बाई की घसीट घसीट कर हाथ मुक्के से पिटाई करनी शुरू कर दी। मारपीट से आहत पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई पत्नी की हत्या कर आरोपी शंकर सूर्यवंशी मस्तूरी थाना पहुँचा और पुलिस को पत्नी की हत्या कर देने की जानकारी दी। जिसको सुनकर पुलिस वालों के रौंगटे खड़े हो गए। जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुँची,जहां चंद्रिका बाई मृत पड़ी हुई मिली। पड़ोसियों ने बताया कि इनके घर से चिखने चिल्लाने व लड़ाई झगड़े की आवाज आ रही थी। पुलिस ने मृतिका का पंचनामा तैयार कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बिना सूचना के अनुपस्थित रहने और शराब पीकर शाला आने पर सहायक शिक्षक निलंबित

- जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किये निलंबन आदेश

**कोरबा (आरएनएस)।** बिना पूर्व सूचना के शाला से अनुपस्थित रहने और शराब पीकर विद्यालय आने वाले सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन आदेश जारी कर दिया है। जारी निलंबन आदेशानुसार विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा अंतर्गत प्राथमिक शाला अमझर बुंदेलीपारा में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी अर्जुन सिंह मरावी की अनुशासन हीनता के बारे में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के संबंध में पूरे मामले की जांच प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पसान द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा दिये जांच प्रतिवेदन के आधार पर सहायक शिक्षक अर्जुन सिंह मरावी को निलंबित किया गया है। जांच प्रतिवेदन अनुसार सहायक शिक्षक अर्जुन सिंह बिना पूर्व सूचना के शाला से अनुपस्थित रहता है। कभी-कभी शराब का सेवन कर विद्यालय आता है। इनके द्वारा दैनंदनी का संधारण नहीं किया जाता है न ही अध्यापन कार्य में रूचि लिया जाता है। इनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरूद्ध है। जिसके कारण सहायक शिक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 तथा 10 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ीउपरोड़ा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# ट्रेलर ने भाई-बहन को मारी टक्कर, बहन की मौके पर मौत

- गुस्साए ग्रामीणों ने किया जक्काजाम

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा मेन रोड में ट्रेलर ने बाइक सवार भाई बहन को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक के पीछे बैठी बहन की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची सीपत पुलिस जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम ग्राम गतौरा तरफ से सीपत फरहदा तरफ जा रहे बाइक सवार चालक भाई संजय थनवार उसकी बहन राजेश्वरी अपने गांव फरहदा पंचायत भवन के पास पहुंचे ही थे.

पीछे गतौरा तरफ से आ रहे ट्रेलर ने पीछे से उनकी बाइक को ठोकर मार दिया, जिससे बाइक चला रहा संजय दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं पीछे बैठी राजेश्वरी की ट्रेलर के चक्के के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं दुर्घटनाकारित ट्रेलर घटनाकर मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने नाकेबंदी कर चालक सहित पकड़ लिया है. घायल भाई की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बिलासपुर सिम्स रिफर किया गया है.

इधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने बिलासपुर सीपत मार्ग में अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया. पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

# छत्तीसगढ़ में पारा लुढ़ककर पहुंचा 6 डिग्री तक, अलर्ट जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इस साल कड़ाके की ठंड पड़ रही है. चक्रवात का असर समाप्त होने के बाद दिनों दिन पारा लुढक़ रहा है. पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंडी हवाएं

दरअसल उत्तर की ठंडी हवाओं की वजह से छत्तीसगढ़ के उत्तर यानी सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही ही. अंबिकापुर के मैनपाट को छत्तीसगढ़ का शिमला माना जाता है. मैनपाट में सुबह ओस जमने लगे हैं. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठंड कितनी अधिक पड़ रही है. वहीं गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले और कवर्धा के चिल्फीघाटी में पारा नीचे जा रहा है. इससे सुबह कोहरा छाया रहता है. हालांकि मैदानी इलाकों में ठंड का बहुत ज्यादा असर नहीं है.



सबसे कम तापमान कोरिया में

छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान कि बात करें तो दुर्ग संभाग व बस्तर संभाग में सामान्य से अधिक तापमान रहा है. वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.4 बीजापुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 06.5 एष्ट यङ्क्य कोरिया में दर्ज किया गया है।

जिलेवार तापमान की बात करें तो रायपुर में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया है. बिलासपुर में अधिकतम 28.4 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री दर्ज किया गया है. पेंड्रा रोड में अधिकतम 26 डिग्री और न्यूनतम 9.4 डिग्री दर्ज किया गया है. अंबिकापुर में अधिकतम 22.8 डिग्री और न्यूनतम 9.3 डिग्री दर्ज किया गया है. जगदलपुर में अधिकतम 30.2 डिग्री और न्यूनतम 10.9 डिग्री दर्ज किया गया है. इसी प्रकार राजनांदगांव जिले में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 13.5 डिग्री दर्ज किया गया है.

# एकलव्य राष्ट्रीय खेल महोत्सव में छत्तीसगढ़ ने 58 पदक लेकर प्राप्त किया पांचवां स्थान

- अंतागढ़, कांकेर के अर्जुन कोवाची का शानदार प्रदर्शन: जीते तीन स्वर्ण और एक रजत
- एथलेटिक्स, तैराकी एवं कुश्ती में सर्वाधिक पदक
- मुख्यमंत्री बघेल और मंत्री डॉ. टेकाम ने दी बधाई
- आंध्र प्रदेश के गुंटुर में 17-22 दिसंबर तक हुआ आयोजन

**रायपुर (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के गुंटुर में आयोजित तीसरे एकलव्य राष्ट्रीय खेल महोत्सव में छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों ने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों ने प्रतियोगिता में कुल 58 पदक लेकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसमें 26 स्वर्ण, 12 रजत एवं 20 कांस्य पदक शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महोत्सव का आज समापन हुआ। इस खेल महोत्सव में 22 राज्यों के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ के एकलव्य विद्यालयों से 288 बच्चे शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खिलाडिय़ों की इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसी का परिणाम है कि यहां के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सचिव डी.डी. सिंह एवं आयुक्त शम्मी आबिदी ने भी खिलाडिय़ों की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एथलेटिक्स, तैराकी एवं कुश्ती में शानदार प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाडिय़ों ने सबसे अच्छा प्रदर्शन एथलेटिक्स में किया, जिसमें 13 स्वर्ण, 03 रजत, 04 कासं्य सहित कुल 20 पदक प्राप्त किए। वहीं तैराकी में 08 स्वर्ण, 06 रजत, 02 कांस्य सहित कुल 16 पदक तथा कुश्ती में 03 स्वर्ण, 02 रजत, 05 कासं्य सहित कुल 10 पदक प्राप्त किए। इसके अलावा शतरंज में 01 स्वर्ण, 02 कांस्य सहित 03 पदक, खो-खो (बालक) में 01 स्वर्ण, जूडो में 01 रजत, योगा में 02 कांस्य, बैडमिंटन, कबड्डी (बालक), हैंडबॉल (बालक) एवं खो-खो (कन्या) में 01 कांस्य तथा भारेत्तोलन में 01 रजत पदक प्राप्त किया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ कांकेर के छात्र अर्जुन कोवाची ने 800 मीटर, 1500 मीटर एवं 4 & 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी प्रकार एकलव्य तोकापाल बस्तर की सोनादायी कश्यप ने 400 मीटर, 200 मीटर एवं 100 मीटर में दौड़ में स्वर्ण पदक, एकलव्य छर्राटांगर रायगढ़ की भूमिका राठिया एवं एकलव्य पलारीखुर्द सक्ती की तानिया सिंह ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता। तैराकी अंडर-14 में सोहन उरांव ने 03 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार अन्य खिलाडिय़ों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में जगह बनाई।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU